# प्रेस नोट    पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद     दिनांक  29.02.24

**थाना कौशाम्बी पुलिस टीम द्वार 01 फर्जी आईआरएस ऑफिसर (Central Excise) गिरफ्तार, कब्जे से प्लास्टिक का फर्जी आई कार्ड बरामद।**

दिनांक 28.02.2024 को थाना कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर 01 फर्जी आईआरएस ऑफिसर (Central Excise) आदित्य राय पुत्र महेश सिंह निवासी ग्राम मल्हीपुर निकट राजीकेत मध्य विद्यालय मकान नम्बर 75 पंचायत महेशपुर थाना भगवानपुर जनपद बिगुसराय बिबरा उम्र 28 वर्ष को प्लास्टिक का फर्जी आई.कार्ड Goverment of India Ministry of Finance, Department of Reveune Office of the Chief Commissioner, Central Excise Delhi Zone CR Building IP Estate New Delhi 110109 ID Card No. 001 प्लास्टिक होल्डर नीला रंग का गले मे लटकाने का फीता सहित महालक्ष्मी मॉल वैशाली के पास गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त के विरुध्द सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता**

आदित्य राय पुत्र महेश सिंह निवासी ग्राम मल्हीपुर निकट राजीकेत मध्य विद्यालय मकान नम्बर 75 पंचायत महेशपुर थाना भगवानपुर जिला बिगुसराय बिबरा उम्र 28 वर्ष।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

थाना कौशाम्बी पुलिस टीम

**पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के 17 मोबाइल फोन तथा फर्जी नम्बर प्लेट लगी चोरी की एक स्कूटी बरामद**

आज दिनांक 29.02.2024 को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस टीम द्वारा थाना विजयनगर क्षेत्र मे संदिग्ध व्यक्ति /वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना व लोकल इन्पुट के आधार पर एक अभियुक्त आकाश पुत्र जयकिशोर निवासी हलवाई वाली गली पार्क के समाने सैक्टर - 9 थाना विजयनगर जनपद गाजियाबाद को सम्राट चौक प्रताप विहार के पास से गिरफ्तार किया गया, कब्जे से चोरी की 17 मोबाइल फोन तथा फर्जी नम्बर प्लेट लगी चोरी की एक स्कूटी बरामद। अभियुक्त आकाश उपरोक्त के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरणः-**गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि साहब मैं नशा करने का आदि हूँ। अपने नशे के शौक को पुरा करने के लिये मैं बाजार तथा भीड़भाड़ वाली जगह पर लोगो के फोन चोरी कर लेता हूँ तथा चोरी किये गये

मोबाइल को रेलवे स्टेशन पर मौजूद राहगीरों को सस्ते दामों पर बेच देता हूँ जो पैसा मुझे मिलता है उससे मैं अपने शौक पुरे करता हूँ। पिछले महीने मैने यह स्कूटी भी इन्दिरापुरम से चोरी की थी जिसे में बेचने की फिराक में घूम रहा था।

**नाम पता अभियुक्त**

आकाश पुत्र जयकिशोर निवासी हलवाई वाली गली पार्क के समाने सैक्टर - 9 थाना विजयनगर जनपद गाजियाबाद उम्र 27 वर्ष।

**बरामदगी का विवरणः-**

1. फर्जी नम्बर प्लेट लगी चोरी की एक स्कूटी एक्टिवा
2. चोरी की 17 मोबाइल फोन।

**अभियुक्त का अपराधिक इतिहासः-**

अभियुक्त आकाश उपरोक्त पर जनपद गाजियाबाद में चोरी/बरामदगी के 02 अभियोग, आबकारी अधि0 के 02 अभियोग, आर्म्स एक्ट के 02 अभियोग, कुल 06 अभियोग पंजीकृत है।

**गिरफ्तार एंव बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः-**

थाना विजयनगर पुलिस टीम।

**थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद।**

दिनांक 28.02.2024 को थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर एक अभियुक्त चाँद पुत्र अल्लानूर निवासी - F 41 एकता कालोनी शहीदनगर थाना साहिबाबाद को तिकोना पार्क के पास शालीमार गार्डन से 01 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुध्द सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता**

चाँद पुत्र अल्लानूर निवासी - F 41 एकता कॉलोनी शहीदनगर थाना साहिबाबाद उम्र 42 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण**

01 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा

**गिरफ्तार अभियुक्त का अपराधिक इतिहास**

अभियुक्त चाँद उपरोक्त के विरुध्द जनपद गाजियाबाद में आबकारी अधिनियम व एनडीपीएस एक्ट के दो अभियोग व दिल्ली में चोरी का एक अभियोग पंजीकृत है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम

**पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस टीम द्वारा चिकित्सा विभाग के सरकारी कर्मचारी को जान से मारने की नियत से हमला करने वाले वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।**

दिनांक 04.11.2023 को वादिया श्रीमती शिखा पत्नी उमेश निवासी बालमुकुन्द सोसाइटी राजनगर एक्स गाजियाबाद के पति श्री उमेश कुमार जो कि जिला सीएमओ कार्यालय में पीसीपीएनडीटी के पद पर तैनात है के साथ केडब्लू 06 राजनगर एक्सटेंशन के पास 06 लोगो द्वारा जान से मारने की नियत से हमला किया था, जिस सम्बन्ध में थाना नन्दग्राम पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते वादिया की तहरीर पर थाना नन्दग्राम पर तत्काल अभियोग पंजीकृत किया गया।

उपरोक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए, दिनांक 10.11.2023 को ही 04 अभियुक्तों को मय गाडी सं0 PB 08 CZ 8098 वेगनआर सफेद रंग व जिसमें एक लाठी व टूटी हाँकी की स्टिक सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, शेष वांछित अभियुक्तों में से एक को दिनांक 29-2-24 को गुलधर स्टेशन के पास भट्टा नं0 5 रोड के तिराहे से गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण- गिरफ्तार किये गये अभियुक्तगण ने पूछताछ पर बताया कि हम लोग दिनांक 4-11-23 को राजनगर एक्स0 रोड से जा रहे थे, तो रास्ते में उमेश गुप्ता जो कि जिला स्तर पर अल्ट्रासाउण्ड सैन्टर की चैकिंग करता है व हमारे काम में दखलदांजी करता है और बार- बार हमारे गलत काम लडका लडकी टेस्ट (एल्ट्रासांउड) के कार्य में बार बार चैकिंग करता है, तो हम 06 दोस्तो ने मिलकर प्लान बनाकर उमेश गुप्ता को को रास्ते में घेर घोटकर जान से मारने की नियत से मारपिटाई कर भाग गये थे।

**अभि0गण का नाम व पता-**

अतुल त्यागी पुत्र श्री नरेश त्यागी निवासी म0नं0 66 गांव मीरपुर हिन्दू थाना ट्रोनिका सिटी कमि0 गाजियाबाद उम्र करीब 30 वर्ष

आपराधिक इतिहास- अभियुक्त अतुल त्यागी उपरोक्त के विरुद्ध थाना नन्दग्राम पर जान से मारने की नियत से हमला करने के संबंध में एक अभियोग पंजीकृत है।

गिरफ्तारी करने वाली टीम -

थाना नन्दग्राम पुलिस टीम कमिश्नरेट गाजियाबाद।

**थाना वेव सिटी पुलिस टीम द्वारा एक शातिर मोबाइल फोन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के 09 मोबाइल फोन (अलग अ कम्पनियों के) बरामद।**

थाना वेव सिटी पुलिस टीम द्वारा दिनांक 29.02.2024 को चेकिंग के दौरान अभियुक्त आकाश कुमार पुत्र ऋषिपाल निवासी ग्राम अ खुर्द थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर उम्र करीब 26 वर्ष को चोरी के 09 मोबाइल फोनों के साथ मगदुमशाह की पुलिया डास गिरफ्तार किया गया। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण:-** पूछताछ पर अभियुक्त आकाश कुमार पुत्र ऋषिपाल निवासी ग्राम अलीपुर खुर्द थाना तितावी जनपद मुज नगर ने बताया कि मैने A-34 Samsung रंग काला को दिनांक 28.02.2024 को आध्यात्मिक नगर स्कूल में पेपर देने आये बच्च खडी मोटर साइकिल की डिग्गी से चोरी किया हैं तथा जो मुझसे अन्य आठ मोबाइल फोन मिले है वह मैने दिल्ली व गाजियाबाद के अ

अलग स्थानों से चोरी किये हैं। मैं स्कूल के बाहर खडे वाहनों से चाबी लगाकर उनकी डिग्गी खोलकर मोबाइल फोन चोरी कर लेता हूँ
इन मोबाइल फोनों को राह चलते व्यक्ति को कम दामों में बेच देता हूँ। जिससे मैं अपने शौक पूरे करता हूँ।
अभियुक्त आकाश कुमार काफी शातिर किस्म के अपराधी है जिसके द्वारा एन0सी0आर0 में स्कूलों के बाहर से मोबाइल चोरी की वार
को अंजाम दिया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पताः-**

- आकाश कुमार पुत्र ऋषिपाल निवासी ग्राम अलीपुर खुर्द थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर उम्र करीब 26 वर्ष

**बरामदगी का विवरणः-**

- 09 चोरी के मोबाइल फोन (अलग अलग कम्पनियों के )

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

थाना वेव सिटी पुलिस टीम